संकल्प

एक समग्र सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था

समृद्ध समाज
स्वास्थ्य
शिक्षा
कला
धर्म
संस्कृति

धारा ८० जी के अन्तर्गत आयकर से मुक्त

पंजीकृत कार्यालय-9, पार्वतीपुरी कालोनी कमच्छा, वाराणसी
फोन नं0 - 0542-3110849, 9839062623

श्री काशी विश्वनाथ

संकल्प का शत्-शत् नमन

संकल्प 2005

अनुक्रम

संरक्षक की कलम से

समाज संदर्भित निजी सोच को सार्थक बनाने और उसे मूर्तरूप देने के सामूहिक निर्णय का नतीजा है 'संकल्प'। यह 'संकल्प' किसी व्यक्ति विशेष की निजी प्रतिज्ञा नहीं बल्कि समान सोच वाले कई व्यक्तियों का सामूहिक कर्म-धर्म माध्यम है। यानी कि अपने-अपने सामाजिक सरोकारों के निमित्त कई व्यक्तियों का, एक साथ मिलकर काम करने-आगे बढ़ने का एक जरिया, एक मंच। व्यापक रूप में 'संकल्प' हमारा है, आपका है, हम सबका है। यह एक ऐसा मंच है जिसके जरिए हम अपनी सामाजिक जिम्मेवारियों को अंजाम दे सकते हैं। इसी उद्देश्यपरक जिम्मेवारी के परिणाम स्वरूप संस्था के रूप में 'संकल्प' आपके बीच है। अपने सार्वजनिक जीवन के लगभग आठ वर्षों में संस्था ने चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र को काम के लिए चुना और उस दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया।

'संकल्प' का स्पष्ट मानना है कि किसी भी समाज और देश का भविष्य उज्ज्वल बनाने का सबसे कारगर और प्रभावी माध्यम शिक्षा एवं चिकित्सा है। शिक्षा के जरिए मानव समाज का न सिर्फ बौद्धिक विकास होता है बल्कि वह किसी भी काम को पूर्णता के साथ कर पाने में सफल होने के रास्ते तलाश सकता है। जबकि चिकित्सा स्वस्थ समाज के विकास के लिए अनिवार्य सुविधा सेवा है। 'शारीरिक स्वास्थ्य ही मानसिक स्वास्थ्य का आधार है' इस मूल मंत्र को भुलाकर किसी भी व्यक्ति या समाज को स्वस्थ रखते हुये आगे बढ़ाना सम्भव नहीं हो सकता। इस तरह 'संकल्प' ने समाज के विकास को सही दिशा में आगे

बढ़ाने में अपनी भूमिका को सुनिश्चित कर शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ायी। संस्था की सक्रियता के बीते वर्ष हमारी कोशिश और क्रियाशीलता के प्रामाणिक उदाहरण हैं। इन वर्षों में हमने शिक्षा पाने को लालायित, पर अभावग्रस्त कई बच्चों को अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए आगे बढ़ने का हौसला दिया। कई सौ जर्जर शरीर क्षयग्रस्त रोगियों को स्वस्थ बनाने में हमें सफलता मिली।

संस्था ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिससे भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए समृद्ध अतीत का मार्गदर्शन नयी पीढ़ी को मिलता रहे। इस हेतु संस्था ने विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को सम्मानित कर उनका मार्गदर्शन उस क्षेत्र के नवागंतुकों को उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। इसके लिए शिक्षा, चिकित्सा, कला, संगीत आदि क्षेत्रों को प्राथमिकता के तौर पर लिया जा रहा है। संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने में मिल रही सफलता को हम भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत मानते हैं। उन सफलताओं को गर्व का विषय बनाकर हम भविष्य की राह को अवरुद्ध नहीं होने देना चाहते। हमारा प्रयास है कि 'संकल्प' अपने को भौगोलिक तल पर विस्तारित कर सेवा-सीमा का दायरे बढ़ाये ताकि सेवा और सहयोग के जरूरतमंद अन्य भाई-बहनों और नौनिहालों को मायूस न होना पड़े। इस हेतु आवश्यक यह है कि 'संकल्प' के दूरस्थ सदस्यगण अपने स्थान पर रहते हुये भी संस्था के उद्देश्यों एवं इसकी क्रियाशीलता के प्रति लोगों को जागरूक करें। साथ ही सेवा एवं सहयोग के कामों में रुचि लेने वाले व्यक्तियों को संस्था से जोड़ने की पहल करें। देश और समाज के विकास का सबसे सरल और सुरक्षित रास्ता है सेवा-सहयोग। इस भावना का विकास किये बिना समाज का विकास सम्भव बनाना किसी सवाल से कम नहीं होगा।

—अनिल जैन

अध्यक्ष की कलम से

संकल्प का विकल्प नहीं

दुर्लभ कुछ भी नहीं है। प्राप्ति के लिए संकल्प चाहिए। संकल्प के अभाव में हर प्रयास अधूरा रह सकता है। सफलता, संकल्प की हमराह होती है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। दृढ़ निश्चय, कठिनाइयों और बाधाओं को द्रवित करने की चुनौती, उद्देश्य के प्रति निष्ठा, लक्ष्य को पाने की उत्कट अभिलाषा और मनोनुकूल (संकल्पानुसार) कार्य सम्पन्न होने के प्रति आत्मविश्वास संकल्प के निहितार्थ हैं। सम्भवत: इसीलिए संकल्प को विकल्पहीन बताया जाता है।

इसी भावना की उपज है संस्था 'संकल्प'। हमने निरन्तर छीजते सामाजिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति में बढ़ती विद्रूपताओं के साथ ही पीड़ितों, साधनविहीन व्यक्तियों, शिक्षा एवं चिकित्सा के अभाव में दम तोड़ते अरमानों को रोकने और निराश हो रहे, उपेक्षा एवं अभाव के शिकार लोगों को फिर से जीवन के मधुर गीत गुनगुनाने का अवसर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। सही है कि हमारा संकल्प देवव्रत की भीष्म प्रतिज्ञा 'आजन्म अविवाहित रहूँगा' नहीं है। बावजूद इसके हमने संस्था के खाते में कई शिक्षातुर बालक-बालिकाओं का खुशनुमा चेहरा और कई जर्जर शरीर बीमारों का स्वास्थ्य दर्ज कराया है। इस शुरूआती कामयाबी ने हमें आगे बढ़ने को प्रेरित किया है। चिकित्सा के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी भूमिका चिन्हित कर हमने इन क्षेत्रों की विभूतियों को सम्मानित करने की ठानी है। ऐसा इसलिए कि आदर्श के अभाव में या उसके अदृष्य हो जाने की दशा में समाज सिरविहीन (नेतृत्वविहीन) रहकर राह भटक सकता है। यही कारण है कि जिन किशोरों-युवाओं को बली एवं आभायुक्त नजर आना चाहिए वे उम्र से अधिक बुजुर्ग एवं थके दिखाई देते हैं। दरअसल अनुभवपुष्ट ज्ञान का मार्गदर्शन, बनने वाली हर नयी दीवार में लगने वाली ईंटों को सीमेन्ट के लेप की तरह मजबूती देता है। विभूतियों का सम्मान समाज को ऐसा ही बल प्रदान करेगा।

हम जानते हैं कि किसी भी संकल्प को पूरा करना आसान नहीं होता और फिर यहाँ तो 'संकल्प' के उद्देश्यों को उनके अंजाम तक पहुँचाने की बात है। समझा जा सकता है कि कठिनाइयों एवं अवरोधों की उपस्थिति के बीच 'संकल्प' को अंजाम तक पहुँचाने का निर्णय लेने वाले लोग (संस्था के सदस्यगण) किस मनोभाव के होंगे। समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को निभाने के लिए वे किस सीमा तक जाने-आने को तैयार होंगे। हमने अनुभव किया है कि बीते वर्षों के दौरान संकल्प को स्वरूप देने की हर कोशिश हमारे लिए एक नया सबक सिद्ध हुई। इसलिए भी हमने निर्णय लेने से पहले तत्सम्बन्धी पहलुओं और उसकी परिणति की संभावनाओं पर विचारने का पूरा प्रयास किया। अन्तिम नतीजा अपने हाथ में नहीं होने के बाद भी हमने प्रयास में कमी को नकारने की हर सम्भव कोशिश की।

आप सभी के स्नेह-सहयोग से सिंचित संस्था 'संकल्प' अब धीरे-धीरे उस ओर बढ़ रही है, जहाँ उसे देखकर कहा जा सकता है कि संस्था अपने शैशवकाल से उबर कर होश सम्भालने के बाद 'कुछ' करने को उद्यत है। उस 'कुछ' को लेकर आवश्यक इच्छाशक्ति और दृढ़ता का दर्शन भी मिलता है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि 'संकल्प' हमारे संकल्पों के साकार होने का संकेतक है। यह इस बात से स्थापित होता है कि संस्था के कार्यक्रमों के आयोजन के अवसर पर जुटने और जुड़ने वाले लोगों की संख्या अपेक्षा से अधिक होती रही है। वस्तुतः लोगों का यह जुड़ाव और चाहत ही हमारा सम्बल है। हम आज भी यह मानकर चलते हैं कि लोगों की सेवा हमारा धर्म है और धर्म से विमुख होना प्रकारान्तर से भारतीयता से मुँह चुराना है। परिणामतः हम बहुदिशागामी रहकर भी समाज को स्वस्थ बनाने में सहयोग देने की अपनी भूमिका को अंजाम दे रहे हैं तो मात्र इसलिए कि सभी के जीवन में उल्लास का उजाला फैले और अंधेरे का खात्मा हो। प्रकाश की यही चाहत हम सभी को एक-दूसरे से जोड़ती है, एक बनाती है। तो आइए ! हम फिर एक बार 'संकल्प' को अंजाम तक पहुँचाने का संकल्प लें। कुछ कदम आगे बढ़ायें एक साथ, लिए हाथ में हाथ हर साथी का। याद रखिए, विश्वास विजय का दूसरा रूप है।

—दीपक शापुरी

महासचिव की कलम से

सहयोग संकल्प का सम्बल है

वचनबद्धता निजी हो तो उसकी मर्यादा एवं पूर्णता का दायित्व व्यक्तिगत होता है। और जब वचनबद्धता निजी से अलग सार्वजनिक होती है तो उसकी मर्यादा व पूर्णता का जिम्मा व्यक्तियों का हो जाता है। ऐसे में निजता को त्याग कर समूहिकता का वरण अनिवार्य हो जाता है। संकल्प, इसी मार्ग का अनुगमन करने वाली संस्था है। इस संस्था से सम्बद्ध सदस्यगण अपनी निजता को बचाये रखते हुए सामूहिकता को पुष्ट करने में लगे हुए हैं।

हमारा मानना है कि संकल्प के आयोजनों की सफलता, सामूहिकता का प्रतिफल रही है। संस्था की स्थापना के समय से अब तक जितने भी कार्यक्रम हुए सभी संकल्प के सदस्यों और सदस्य सहयोगियों के सामूहिक प्रयास से पूर्ण हुए। क्षय रोगियों को स्वस्थ बनाने के लिए चलाया जाने वाला अभियान हो या फिर निराश्रित शिक्षातुर नौनिहालों को शिक्षित बनाने में सहयोग देने का सवाल, सभी की सफलता में सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण कारक रहा है। यहाँ यह भी कहना है कि सबसे लम्बे समय २१ दिन तक चलने वाला आयोजन श्रीकृष्ण गौरांग लीला का सफल आयोजन उसी सामूहिक सहयोग के चलते संभव हुआ।

संकल्प के कार्यक्रमों को सफल बनाने और मंजिल की ओर बढ़ते रहने के लिए आवश्यक प्रेरणास्पद सहयोग देने के लिए हम अपने सहयोगियों हरेकृष्ण रस्तोगी, पवन टिबड़ेवाल, लव अग्रवाल, राधेकृष्ण टकसाली सहित काशी सेवा समिति के संवासी बालकों के आभारी हैं। जिन्होंने अपनी समर्पित सेवा प्रदान कर हमारे आयोजनों को सफल बनाया। संस्था के सदस्यों में विशेष रूप से अनूप अग्रवाल, श्रीनाथ अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, हरेकृष्ण अग्रवाल, राजकुमार टिबड़ेवाल, मनोज जैन और अजीत अग्रवाल की सेवाभावना सराहनीय रही है।

— रमेश चन्द्र अग्रवाल

मुलायम सिंह यादव

लालबहादुर शास्त्री भवन
लखनऊ

मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

संदेश

प्रिय श्री अनिल कुमार जैन,

मुझे यह जानकर हर्ष है कि समग्र सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था **'संकल्प, वाराणसी'** समाज में जागृति पैदा करने के लिए प्रयासरत है। संस्था द्वारा क्षय रोगियों के निदान, आर्थिक रूप से अक्षम बच्चों की शिक्षा, कलाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने और सर्वधर्म समभाव की दिशा में किये जा रहे कार्य सराहनीय हैं।

अपने कार्यक्रमों से जन-जन को अवगत कराने के उद्देश्य से **'संकल्प पत्रिका'** के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं।

रोगियों की सेवा समाज को स्वस्थ बनाने का बेहतर ढंग है। संकल्प समाज को शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ बनाने के लिए सक्रिय है। 'संकल्प' अपने सेवाकार्य के बाबत लिए गये संकल्प को पूरा करे, ऐसा आशीर्वाद देते हुए मैं संस्था के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं

(सत्रहवें करमापा, उग्येन थिनले दोरजे)

परमपूज्य करमापा जी के शुभकामना संदेश का अनुवाद प्रो० लोबसांग तेनजिंग ने किया है।

संस्कृति सेवा सदाचार एवं शांति की भावना को लेकर जो संकल्प आपने किया है वह परिपूर्ण हो तथा ईश्वर का आशीर्वाद सदा आपके साथ हो।

गिरिजादेवी

२६.६.०३

संस्कृति, संगीत, साहित्य, सेवा, सद्भावना का सँकल्प जो "सँकल्प" नें लिया है माँ शारदा की कृपा से यह संकल्प कभी छिन्न-भिन्न न होकर सर्वदा अपनें नगर, अपनें देश के हर समस्याओं का सुरुचि रूप से समाधान करते हुए सेवा में अग्रसर होकर अमरत्व की प्राप्ति करे यह मेंरी शुभकामना एवं साधुवाद है।

सद्भावनाओं सहित —

[किशन महाराज]

३ सितँबर २००३

You are doing
good work.
I wish you
all the best

Shabana
7/1/03

संकल्प के संकल्प के
लिये मानव सेवा में
समर्पित आप सब को
मेरी शुभकामना।

God Bless you
All on your sincere
mission !!

With warm regards
& love,

Aishwarya Rai
(Jan. 2005)

God helps those who help others
May god shower you and your
organisation, Sankalp, for the
Noble work you are doing.

God Bless

Mandira
Bedi

I feel honoured and privileged to have had this precious opportunity to be present in the ocean of wisdom and grace under the auspices of the Society's 95th Anniversary.
I wish this organisation plenty of success in the months, years ahead.
With best regards
[signature]

Mr. Devjanlall Seetohul
Deputy Head of Mission
[signature]
5 March 2004

अतिथियों के उद्गार

राष्ट्रसंत मोरारी बापू—जिसके पास संकल्प है उसके लिए कठिन से कठिन काम भी सहज हो जाता है। यहाँ तो पूरी की पूरी संस्था ही संकल्पित है।

सद्गुरु श्री श्रीरविशंकर—समाजसेवा व्यक्तित्व निर्माण का अवसर उपलब्ध कराने का सार्थक माध्यम है।

श्रीकान्त शर्मा बालव्यास—समाज सेवा मात्र तनहित नहीं बल्कि देशहित का काम है। संकल्प का काम इस क्षेत्र में अनुकरणीय है।

कुंवर अनन्त नारायण सिंह—आपकी संवेदनशीलता एवं सामाजिक जिम्मेवारियों के प्रति सजगता प्रशंसनीय है।

एम. एफ. हुसैन—संवेदना के बिना समाद सेवा सम्भव नहीं है। संकल्प, संवेदनशील व पुरुषार्थी व्यक्तियों का समूह है।

अनुराधा पौडवाल—समाजसेवा सबसे अच्छा मीत है, इसे सभी को गुनगुनाना चाहिए।

जया बच्चन—संकल्प की सक्रियता उसके सामाजिक सरोकारों का आइना है।

जयाप्रदा—हमारी कामना है सिक आपको आपकी मंजिल मिलें।

रविन्द्र जैन—संकल्प सिर्फ संस्था नहीं बल्कि जुनूनी समाजसेवियों का समूह है।

पीनाज मसानी—संकल्प का संकल्प पूरा हो, हमारी यही कामना है।

रजा मुराद—आप जो कर रहे हैं वह सराहनीय है। मेरी जब भी आवश्यकता होगी, तैयार मिलूँगा।

शंकर सिंह बघेला—(केन्द्रीय कपड़ा मंत्री) सरकार का सहयोग करने के लिए सामाजिक संस्थाएँ बधाई की पात्र हैं। संकल्प का प्रयास सराहनीय है।

स्वामी चिन्मयानन्द—संकल्प जैसी संस्थाएँ स्वस्थ समाज निर्माण की उपादान व सांस्कृतिक विविधता की वाहक हैं।

अमर सिंह—(सांसद) समाजसेवा करते हुए आप शासन का सहयोग कर रहे हैं, आप सभी बधाई के पात्र हैं।

अखिलेश सिंह यादव—(सांसद) आप लोग बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

सुब्रत राय सहारा—समाज की जरूरतों को महसूस कर उन्हें पूरा करने के लिए प्रयास करना ही समाजसेवा है। संकल्प इस दिशा में काफी आगे है।

वी० के० मित्तल—(प्रमुख सचिव उ० प्र०) स्वस्थ समाज निर्माण में सहयोग के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

आर० के० मित्तल—(प्रमुख सचिव उ० प्र० चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) समाजसेवा, प्रकाशन्तर से समाज के विकास में शासन को सहयोग देना है।

देवशरण यादव—(आयुक्त-वाराणसी) संकल्प का संकल्प सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

रजनीश कुमार मिश्र—(जी. एम.-दूरसंचार) स्वस्थ समाज निर्माण के लिए प्रयत्नशील संस्था का नाम है संकल्प।

जय-जय संकल्प

जय-जय संकल्प, तेरा नहीं विकल्प,
नारी का कर दिया तूने कायाकल्प,
कला में भरके कलाज्ञान, सृष्टि को तूने सजा दिया।
नारी का करके उत्थान, तूने भारत माँ को जगा दिया।
जय-जय संकल्प...
नारी कला का रूप स्वयं है, सृष्टि यह भेद बनाती है।
कला अलंकृत होके कला से, और निखरकर आती है।
जैसे वधू कोई नई नवेली, सजधज के मुसकाती है।
नारी कला का मेल मिले, ज्यों मिल गया जीवन साथी।
जय-जय संकल्प...
नारी का करके उत्थान...
जग ने जिसे कमजोर है माना, वह शक्ति का रूपक है।
अम्बे, दुर्गा, कालीमाता, वह ममता का सूचक है।
कला से कला संजो, नारी को शक्ति बोध कराया।
नारी शक्ति ज्ञान कला का सुन्दर शोध कराया।
जय-जय संकल्प...
कला में भरके कलाज्ञान...
धन्य-धन्य संकल्प संस्था, पावन यज्ञ रचाया है,
मेरा किशन कन्हैया, आशीष देने स्वयं यहाँ आया है।
शुभ संकल्प का यह संकल्प, यूँ ही बढ़ता जाये,
नवीन कुमार भी पावन यज्ञ का, दर्शन करने आये।
जय-जय संकल्प, तेरा नहीं कोई विकल्प,
नारी का कर दिया तूने कायाकल्प,
कला में भरके कला ज्ञान, सृष्टि को तूने सजा दिया।

❑

"सपन सुहाना"

सच मानो "संकल्प" का तो
एक प्यारा सा बहाना था।
कलाकारों के दर्शन को मन ललचाना था।
कन्याओं में कला-प्रेम जगाना था।
यह शिविर तो एक प्यारा सा बहाना था।
रानी बेटी को निज सदन में बुलाना था।
और उसे खूब सजाना था।
गुण-रतन-हार उसको हमें पहनाना था।
शिविर तो एक प्यारा सा बहाना था।
बिटिया को शक्तिमयी बनाना था।
आदर, सद्‌भावना, विश्वास कन्या में जगाना था।
शिविर तो एक प्यारा सा बहाना था।
हेमलता जी के स्नेह-छाँव तले
अपना मन बहलाना था।
गणेश शिशु सदन की रौनक बढ़ाना था।
शिविर तो "संकल्प" का एक प्यारा सा बहाना था।
हमें तो निजत्व भी निखारना था।
शिविर तो एक प्यारा सा बहाना था।
सच मानो नारी रूप सलोना
"अर्पिता" का सपन सुहाना था।
नारी जीवन में
खुशियों के फूल खिलाना था।
शिविर तो "संकल्प" का एक प्यारा सा बहाना था।

—डा० त्रिवेणी खत्री 'अर्पिता'

संकल्प का संकल्प-एक नजर

खाई थी तुमने कसम, ओ संकल्प साथियों
पीछे न हटेंगे कदम तुम्हारे, ओ संकल्प प्रेमियों
आस की मंजिल, मिलेगी न जब तक
गुलशन में गुल, खिलेगा न जब तक
तुम लोगे नहीं विराम
मेरे गुलशन के गुलफाम।

शक्ति स्वरूपा, सौन्दर्यमयी, मंगलमयी, सृजनशीला नारी सर्वगुण सम्पन्न बन सके—ऐसी कामना के साथ महिला कला शिविरि का संकल्प लिया गया ताकि नारी के गुण रत्नों की विभा का प्रकाश समूचे जगत को जगमग कर दे एवं उस आलोक में समूचे जगत में एक ऐसे आह्लाद की सुरभि का प्रसार हो सकें कि प्रत्येक प्राणी उसकी उपलब्धि से मंत्रमुग्ध हो जाये।

ऐसा तभी सम्भव होगा जब नारी को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में समाज द्वारा ठोस कदम उठाये जायें। नारी घर की शोभा अवश्य है। कन्या अपने घर आँगन का एक सुन्दर महकता पुष्प है। वह लक्ष्मी है, सरस्वती है, दुर्गा है। उसके गुण रत्नों की सुरभि अपनेपन का, ममत्व का एक विशेष एहसास देती है। उसके अन्तरतम में हम झाँके और देखें कि उसमें निहित कलाओं की जागृति द्वारा उसे अपने पाँवों पर खड़ा कर हम उस प्यारे एहसास को द्विगुणित कर सकते हैं। इस प्रयास द्वारा उसके संरक्षक को भी अपने दायित्व में सहयोग एवं आत्मसंतोष का लाभ होगा।

इसी दिशा में एक मनोरम प्रयास नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक संस्था संकल्प ने किया। १० जून २००१ से १ जुलाई २००१ तक प्रथम प्रयास में संस्था पूर्णतया सफल रही।

सशक्त नारी ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। नारी के हाथों में ही समाज के उत्तम स्वरूप का सूत्र होता है। आत्मबल की वृद्धि होने पर ही नारी अपना वजूद ढूँढ़ पाती है, स्वयं को पहचानने की शक्ति प्राप्त कर पाती है। अपने गृह मन्दिर को स्वर्गिक सुख प्रदान करने की सामर्थ्य नारी में ही है। सन् २००१ के प्रथम शिविर में ६४५ कन्याओं के आशातीत प्रशिक्षण की सफलता प्राप्त होने पर ही द्वितीय शिविर के शुभ संकल्प में दिनांक १९-६-२००२ के

उद्घाटन समारोह में माननीय श्री नरेन्द्र चन्द्र गौतम जी (कुलपति वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर) ने अपनी उपस्थिति व प्रेरणा द्वारा हमारा जो मार्गदर्शन किया वह अविस्मरणीय रहेगा।

महिलाएँ ही संस्कार की जननी हैं। महिलाओं के बिना समाज अधूरा है। सत्यता तो यह है कि आज की युवा पीढ़ी संस्कृति व संस्कार को पीछे छोड़ चुकी है जिसका परिणाम है कि वह तनावग्रस्त है। उसी संस्कार को वापस लाकर युवा पीढ़ी को तनाव मुक्ति देने का दायित्व नारी का है। नारी के समस्त आन्तरिक गुणों को उजागर कर नवीन सुन्दर समाज का निर्माण करना ''संकल्प'' का संकल्प है। कला में निहित अनन्त सुख-सौन्दर्य का प्रकाशन विविध कला प्रशिक्षण द्वारा ही सम्भव है। इससे श्रेष्ठ उत्तम व्यक्तित्व का निर्माण निश्चित ही होगा।

२० जून २००२ तक हमारे द्वितीय शिविर का समस्त क्रिया-कलाप अनुपम सफलता के साथ सम्पन्न होकर हमारे स्मृति-पटल पर छा गया। जिस आत्म सुख की उपलब्धि, अध्यापिकाओं एवं छात्राओं के स्नेहपूर्ण सहयोग की अपेक्षा कर हमने अपनी यात्रा प्रारम्भ की थी उसका एहसास हमारी चल रही कार्यशाला में व्याप्त स्फूर्ति, क्रिया-कलापों में व्यस्तता, तीव्रगतिमयता सम्पूर्ण वातावरण में छाया अनोखा आनन्द शिविर के मध्य ही हमें अनवरत प्राप्त होता रहा है।

पुस्तकीय ज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक ज्ञान निश्चित ही श्रेष्ठ होता है। सृजन शक्ति में स्थायी गुण होते हैं। नारी सृजनशीला है। सृजनशीला नारी कभी थकती नहीं। वह विराम नहीं लेती। सच तो यह है कि वह थकी भी नहीं, ठहरी भी नहीं। अतः महिला कला प्रशिक्षण का तृतीय शिविर भी अपराजेय उत्साह के साथ दिनांक ८ जून २००३ से २३ जून २००३ तक के लिए शुभारम्भ हो ही गया।

संकल्प संस्था द्वारा आयोजित तृतीय महिला कला प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ रविवार को अपराह्न में बुलानाला स्थित गणेश शिशु सदन में महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो० सुरेन्द्र सिंह व राष्ट्रीय बालभवन के चेयरमैन श्री अजय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रो० सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में कोई भी कार्य अर्थ के बिना नहीं हो पाता। महिलाओं के सम्मान व स्वाभिमान के साथ जीविकोपार्जन व अन्य मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिये उनका स्वावलम्बी होना जरूरी है और यह तभी सम्भव है जब उन्हें रोजगारपरक व्यावसायिक शिक्षा दी जाय। विशिष्ट

अतिथि राष्ट्रीय बालभवन के चेयरमैन श्री अजय सिंह ने कहा कि महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए संकल्प ने जो प्रयास शुरू किया है वह सराहनीय है।

गणेश शिशु सदन की संस्थापिका श्रीमती हेमलता अग्रवाल जी ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया कि संस्था ने बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने का जो प्रयास किया है वह सराहनीय है।

टेक्सटाइल कमेटी के अध्यक्ष श्री गणेश कुमार गुप्त ने व्यक्त किया कि ऐसे शिविर की मैंने कल्पना भी नहीं की थी। एक छत के नीचे इतनी विधाओं का प्रशिक्षण सराहनीय है।

अत्यन्त सौभाग्य की बात है कि अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक कुमार नरेन्द्र एवं नवीन ने शिविर की शोभा में चार चाँद लगाये मुख्य अतिथि पद से भजन गायक कुमार नरेन्द्र ने कहा कि परिवार को संस्कारवान, शिक्षित और

सबल बनाने के लिए नारी शिक्षा आज के समय की माँग है। पहले परिवार का एक व्यक्ति परिवार की सभी जरूरतें पूरी करता था। आज सभी एक दूसरे का सहयोग करके वह काम कर पाते हैं। ऐसे में व्यावसायिक शिक्षा आवश्यक है। संकल्प का ऐसा प्रयास अत्यन्त ही सराहनीय है। लोकप्रिय भजन गायक नवीन शर्मा ने विशिष्ट अतिथि पद से कहा कि संगीत ऐसी विधा है जो मनुष्य को स्वावलम्बी बनाने के साथ ही स्वयं को भी अद्‌भुत आनन्द की अनुभूति कराती है। संगीत मनुष्य के तनाव को कम करता है। श्री श्याम बाल मण्डल के अध्यक्ष श्री संजीव अग्रवाल ने बच्चों को अन्य शिक्षाओं के साथ-साथ वेद की शिक्षा देने पर जोर दिया।

अत्यन्त आह्लादकारी दिवस था दिनांक २२ एवं २३ जून २००३। शिविर के समापन का दिवस। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया मुख्य अतिथि पद्मविभूषण पंडित किशन महराज ने। उन्होंने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बचपन से लेकर आज तक संघर्ष किया तब जाकर इस मुकाम पर पहुँचा हूँ। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत के साथ-साथ दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है। मनुष्य इस शक्ति की बदौलत बड़े से बड़ा पहाड़ तोड़ सकता है। महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुएँ तारीफ के काबिल हैं। पंडित किशन महराज जी के विचार हैं कि सोच, अभिलाषा व संकल्प से कोई भी बड़े से बड़ा कार्य सहज हो जाता है। संकल्प संस्था ने अपने संकल्प से यह सिद्ध कर दिया है।

इतना ही नहीं बात अभी भी अधूरी ही रह गई है। इस समापन के अवसर पर एक महान विभूति पद्मविभूषण श्रीमती गिरिजा देवी जी मंच की शोभा में अनूठी वृद्धि कर रही थीं। उन्होंने मुख्य अतिथि पद से कहा कि किसी भी चीज की अच्छी सीख गुरु-शिष्य परम्परा से ही सम्भव है। अत: गुरु बधाई के पात्र हैं। हमारे यहाँ चौसठ कलाये हैं किन्तु हमें वही कला सीखनी चाहिए जो आत्मनिर्भर बनाने के साथ प्रतिष्ठापरक हो। उन्होंने कहा कि लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। इसके लिए उन्हें चाहिए कि वे सम्मानजनक व सार्थक रास्ता चुनें।

तृतीय शिविर का ऐसा समापन जिसमें दो-दो पद्मविभूषण तबला सम्राट पण्डित किशन महराज जी एवं पद्मविभूषण संगीत साम्राज्ञी श्रीमती गिरिजा देवी जी का सानिध्य व उनके सुवचनामृत पान करने का सुअवसर मिला जो वर्णनातीत है। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक कुमार नरेन्द्र एवं नवीन शर्मा की अबाध संगीत धारा ने हमें मोह लिया।

सजता है जब चमन अपना
बहारें आती हैं झूम-झूम के।
भावों की गंगा बहती है तब
सपने सृजन के सजा-सजा करके।

—डा० त्रिवेणी खत्री

❑

सं — संगठित

क — कर्मठ

ल — लक्ष्य

प — प्रेरित

हमारी अविराम यात्रा

"परहित सरिस धर्म नहिं दूजा" के सूत्र को लेकर चले हम। वर्ष १९९९ में संस्था ने अपना जन्मोत्सव मनाया गमनामयी माँ मदरतेरेशा के लाडलों के सुख दुःख का साथी बनकर। उनकी पीड़ा मर्म को ऐसा छू गई कि वह अन्तरतम की गहराई तक अपना स्थान बना बैठी। वह तो जीवनपर्यन्त धर्म-कर्म की प्रेरणा प्रदान करती रहेगी। एक-एक नवीन प्रस्तुति करती हुई निरन्तर गतिमान संस्था ने वर्ष, २००२ में भगवान पार्श्वनाथ की जन्म जयन्ती पर भगवान की स्तुति, भजन आदि का आयोजन कर नव वर्ष का अभिनन्दन किया।

इस यात्रा को अगली मंजिल मिली मंगलवार दिनांक १५ अक्टूबर २००२ को। सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्था संकल्प ने पार्वतीपुरी कालोनी के उद्यान में देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया। सुश्री रेवती साकलकर ने "दुर्गा काली नाम तेरा" से देवी का आह्वाहन किया। सुश्री प्रीत प्रेरणा ने "माँ सा दयालु और कोई नहिं दूजा" की प्रस्तुति की। रोशन लाल मेहता ने "दौड़ी चली आयेगी ओढ़ चुनरिया, मेरी मैया जी मेरे घर आना" का न्यौता दिया। गायक पन्नालाल ने "सारे जग में गूँज रहा है माता का जयकारा" आदि गीत द्वारा भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। प्रारम्भ में देवी पूजन, संस्था के संरक्षक अनिल जैन ने सपत्नीक किया। स्वागत श्री आलोक जैन व डा० अश्विनी जैन ने किया।

२७ नवम्बर २००२। वाराणसी में स्थित डुबलिया ग्राम में श्री शिवशंकर अग्रवाल के बगीचे में गणिनी प्रमुख आर्यिका ज्ञानमती माताजी को संकल्प संस्था की ओर से णमोकार महामंत्र अंकित कैलेन्डर संस्था के संरक्षक श्री अनिल जैन द्वारा भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री दीपक जैन भी उपस्थित थे।

● मंगलवार दिनांक १० दिसम्बर २००२ को ख्यातिप्राप्त युवा गायिका सु
कविता पौडवाल का प्रथम काशी आगमन पर राधा कृष्ण मन्दिर के प्रांगण
संकल्प द्वारा अभिनन्दन किया गया। संस्था के संरक्षक श्री अनिल जैन ने उ

संकल्प की पत्रिका व काशी दर्शन की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट
इस अवसर पर प्रसिद्ध तबलावादक अशोक पाण्डेय एवं भजन गायक सु
बावेजा (पटना) भी उपस्थित थे।

● वृहस्पतिवार १२ दिसम्बर २००२ को राष्ट्र संत मोरारी बापू का संस्था
संरक्षक श्री अनिल जैन ने माल्यार्पण कर स्वागत कर उन्हें संस्था की पुस्ति
प्रदान की एवं संस्था के क्रिया कलापों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रमु

स्वरूप से श्री शिवशंकर अग्रवाल, श्री राजेश अग्रवाल, श्री अशोक अग्रवाल आदि उपस्थित थे। संत मोरारी बापू ने संकल्प संस्था द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संकल्प के बिना कोई भी कार्य सम्भव नहीं है। जिसके पास संकल्प है उसके लिए कठिन से कठिन कार्य भी सहज हो जाता है। यहाँ तो पूरी की पूरी संस्था ही संकल्पित है।

बृहस्पतिवार १९ दिसम्बर २००२ को मशहूर चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन का संकल्प संस्था के संरक्षक श्री अनिल कुमार जैन ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। स्वागत करते हुए श्री अनिल जैन ने कहा कि श्री हुसैन के हाथों

में ऐसा जादू है कि उनकी कूची जिधर भी घूम जाती है, एक नई कला एवं प्रेरणा को जन्म दे देती है। धन्यवाद ज्ञापन श्री हरेकृष्ण अग्रवाल ने किया।

दिनांक २४ दिसम्बर २००२ को संस्था के संरक्षक श्री अनिल जैन ने टी० वी० कलाकार सुधा चन्द्रन एवं अमन वर्मा का रजत अरघा भेंट कर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर रमेश चन्द्र अग्रवाल, इशिता जैन, सुशान्त श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

● दिनांक ६ जनवरी २००३ को कड़ाके की ठंड के कारण रविवार को अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज के सामने मालवीय मार्केट में संस्था ने अलाव जलाया। श्री अनिल कुमार जैन ने कहा कि नगर के अन्य इलाकों में भी संस्था द्वारा अलाव जलाये जायेंगे।

● दिनांक ६ जनवरी २००३ को संस्था ने विश्व सुन्दरी विख्यात अभि ऐश्वर्या राय का रामनगर स्थित खिड़किया घाट पर अभिनन्दन किया। संस्था संरक्षक अनिल जैन ने सुश्री ऐश्वर्या राय को चाँदी के अरघे में स्फटिक

शिवलिंग सहित रजत तिपाही व जलघरी युक्त स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उ दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर रमेशचन्द्र अग्रवाल, ऋषि अग्रवा दीपांश अग्रवाल, इशिता जैन, सपल जैन, सुशान्त श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम चतुर्वे किसलय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

● १४ जनवरी २००३ को पार्श्वगायिका अनुराधा पौडवाल ने हरती स्थित राधाकृष्ण मन्दिर में दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के बाद संस्था सदस्यों ने उन्हें उपहार देकर उनका स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर गीता जैन, आभा अग्रवाल, अनिल कुमार जैन ने उन्हें रजत पिंडली युक्त अ भेंट किया। रमेश चन्द्र अग्रवाल एवं आभा अग्रवाल ने उन्हें राधाकृष्ण का चि भेंट किया।

दिनांक १६ जनवरी २००३ को पार्श्वगायक गीतकार व संगीतकार रवीन्द्र जैन ने वाराणसी आगमन पर भेलूपुर स्थित जैन मन्दिर में दर्शन-पूजन किया। इसी अवसर पर संस्था के संरक्षक श्री अनिल जैन के नेतृत्व में उनका सम्मान समारोह

आयोजित किया गया। संस्था द्वारा उन्हें स्फटिक का शिवलिंग युक्त अरघा भेंट किया गया। इस अवसर पर रमेशचन्द्र अग्रवाल, आलोक जैन आदि ने भी उनका स्वागत किया।

सोमवार १७ मार्च २००३ को सामाजिक संस्था संकल्प ने रंगों के महापर्व होली की खुशी रविवार को शिवाला स्थित मदर टेरेसा होम के लावारिस और

बीमार लोगों के संग बाँटी। संस्था के सदस्यों ने सबसे पहले कोढ़, टी० बी
जैसी घातक बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को अबीर का टीका लगाया तथा टो
पहनाकर उन्हें होली की शुभकामनाएँ दीं। इसके साथ ही उन सभी को भोजन
कराया गया। श्री अनिल जैन ने १६ क्षय रोगियों को क्षय मुक्त करने का आश्वा
दिया।

● दिनांक १८ मार्च मंगलवार को संस्था संकल्प के तत्वावधान में क
सेवा समिति के संवासी बालकों को अबीर, पिचकारी व टोपी वितरित क
होली उपहार वितरण मुख्य अतिथि दूरसंचार के महा प्रबन्धक रजनीश कु
मिश्र के हाथों पाकर बच्चे खुशी से झूम रहे थे। संस्था के अध्यक्ष दीपक शापु

मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर रमेश चन्द्र अग्रवा
पारसनाथ राय, अजित कुमार अग्रवाल, सिद्धार्थ जैन, श्रीनाथ अग्रवाल, सतीश
खण्डेलवाल आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता श्री अनिल जैन ने की। संचा
कोषाध्यक्ष हरिहर लाल श्रीवास्तव व धन्यवाद प्रकाश, बृज प्रकाश अग्रवाल
किया।

● दिनांक ५ मई २००३ को फिल्म अभिनेत्री तथा राज्यसभा सदस्य शब
आजमी के काशी आगमन पर रविवार को संकल्प संस्था की ओर से संकल्प
संरक्षक श्री अनिल जैन ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया। सं
द्वारा सम्मानित होने पर शबाना आजमी ने अनिल जैन को धन्यवाद दिया।

दिनांक ३१ मई २००३ को हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर प्रादेशिक जर्नलिस्ट एसोसिएसन की ओर से शुक्रवार को सायंकाल लक्सा स्थित वृन्दावन बिहारी लान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व वित्त मंत्री

हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव हरीश जी ने समाज सेवी अनिल जैन को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर काशी रत्न अलंकरण से विभूषित किया।

● दिनांक १४ जून २००३ को दशाश्वमेध घाट पर डूबती महिला को बचा
वाले ३४ वीं वाहिनी के पीएसी के जवान श्री सुरेश कुमार पाठक को संस्था
संरक्षक अनिल कुमार जैन ने नकद धनराशि तथा उपमहापौर श्री संजय राय

अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएसी के डीआई
आर०के० सिंह तथा पूर्व आयकर आयुक्त श्री आर०के० सिंह भी उपस्थित थें।

● दिनांक २० जून २००३ को प्रख्यात फिल्म अभिनेता रजा मुराद के का
आगमन पर संस्थापक सदस्य श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल ने उन्हें सम्मानित किय
इस अवसर पर उन्होंने रजा मुराद को संस्था के क्रिया-कलापों की जानकारी
तथा संस्था की पुस्तिका व कैप प्रदान किया। श्री रजा मुराद संस्था के कार्यों क

जानकर प्रसन्न हुए और कहा कि यह एक नेकी और पुण्य का काम है और जब भी मेरी सहायता की आवश्यकता होगी सहायता को सहर्ष तैयार रहूँगा।

- दिनांक २४ जून २००३ को सी०पी०एम०टी० की परीक्षा में प्रदेश में दसवाँ स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी दिव्या खन्ना का सम्मान श्रीमती गिरिजा

देवी द्वारा किया गया। यह सम्मान संकल्प संस्था द्वारा गणेश शिशु सदन में आयोजित तृतीय महिला कला प्रशिक्षण शिविर में किया गया। संरक्षक श्री अनिल जैन ने स्फटिक शिवलिंग अर्घ्य प्रदान किया।

- शनिवार २१ जुलाई २००३ की शाम पराड़कर भवन, गोलघर में संकल्प

एवं रमा मेडिकल केयर सेन्टर की ओर से आयोजित अभिनन्दन समारोह में केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानन्द जी ने विचार व्यक्त किया कि देश में मुसालमानों को सिर्फ मतदाता समझा जाता है, इन्सान नहीं—यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। जरुरत है उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर प्रयोगधर्मी आचरण करने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुश्री प्रीत प्रेरणा द्वारा प्रस्तुत गणेश वन्दना से हुआ। संस्था संकल्प के संरक्षक श्री अनिल जैन ने काशी की गरिमा के अनुसार अंगवस्त्रम व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। रमा मेडिकल केयर सेन्टर के प्रबन्ध निदेशक एन०पी० सिंह ने भी भारतीय आध्यात्म-मेधा के प्रखर हस्ताक्षर स्वामी चिन्मयानन्द को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन विपुल नागर एवं धन्यवाद ज्ञापन अनिल जैन ने किया। मंचासीन डा० ए० के० सिंह, डा० अश्विनी जैन, दीपक शापुरी, विधायक श्यामदेव राय चौधरी का भी सम्मान कर उन्हें अंगवस्त्रम प्रदान किया गया।

● दिनांक २९ जुलाई २००३। श्री जगन्नाथ मन्दिर न्यास और सामाजिक संस्था संकल्प के तत्वधान में आयोजित एक समारोह में राष्ट्र सन्त श्री श्रीकान्त शर्मा बालव्यास का वन्दन व अभिनन्दन किया गया। व्यास जी का स्वागत श्री

दीपक शापुरी ने किया। मंगलाचरण विशाल मिश्र व उनके अनुज अभिषेक मिश्र तथा पिता रवीन्द्र मिश्र ने किया। संचालन श्री अनिल जैन ने किया। इस अवसर पर दीनानाथ झुनझुनवाला, सत्यनारायाण झुनझुनवाला, डा० अश्विनी जैन, अखिलेश्वर शर्मा, रमेश अग्रवाल, जगदीश जैन आदि उपस्थित थे।

दिनांक ९ अक्टूबर को कु० इशिता जैन व रुपल जैन को उनके रावण के पुतला निर्माण पर संस्था के संरक्षक अनिल जैन ने सम्मानित किया। उन्हें नूतन सृजन की प्रेरणा भी प्रदान की।

दिनांक १३ अगस्त २००३ बुधवार को "संकल्प" की ओर से बाबा बटुक भैरव के मन्दिर में भजन सन्ध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर

मनोज तिवारी 'मृदुल' एवं बिंदुमाधव वर्मा के गाये भजनों को सुनकर लोग झूम रहे थे। अतिथियों का स्वागत श्री अनिल जैन ने एवं धन्यवाद ज्ञापन महन्त राकेश पुरी व भास्कर पुरी ने किया।

२२ अगस्त २००३, विद्यादान-महादान। विद्यादान से बड़ा कोई दान नहीं। संस्था के संरक्षक श्री अनिल जैन ने कहा कि संस्था सदैव ही सामाजिक,

सांस्कृतिक, शैक्षणिक उत्थान के लिये प्रयत्नशील है। अतः समाज के सम्पन्न वर्ग इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनें। संस्था ने अपने पार्वतीपुरी स्थित कार्यालय में आयोजित शिविर में निर्धन छात्रों को पाठ्य पुस्तकें, कापियाँ, स्कूल यूनिफार्म

वितरित किये। इस अवसर पर हरेकृष्ण अग्रवाल व पंकज अग्रवाल ने छात्रों से अनुरोध किया कि जिन छात्रों ने अपने विद्यालय से फार्म अनुमोदित नहीं करवाये हैं वे फार्म अनुमोदित करवाकर संस्था से सहयोग प्राप्त कर लें। स्वागत आलोक जैन ने एवं धन्यवाद ज्ञापन पंकज अग्रवाल ने किया।

- शनिवार २४ अगस्त २००३ को पदम् विभूषण पंडित किशन महाराज के जन्मदिन पर हरतीरथ स्थित कृष्ण मन्दिर में संकल्प संस्था द्वारा उन्हें अंगवस्त्रम्

एवं स्फटिक का शिवलिंग युक्त रजत अरघा प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि यह अमूल्य उपहार उन्हें सदैव स्मरण रहेगा। यदि प्रभु की कृपा व प्रेरणा हुई तो कभी उनके तबले की थाप इस मन्दिर में भी अवश्य गूँजेगी। संस्था के संरक्षक अनिल जैन ने एक ऐसे कोष की स्थापना पर बल दिया जो अस्वस्थ कलाकारों के इलाज में उपयोगी सिद्ध हो सके। इस अवसर पर रामचन्द्र अग्रवाल, रमेश चन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, गौरीशरण अग्रवाल, ऋषभ के दास, हरे कृष्ण अग्रवाल, अरुण कुमार, कौस्तुभ, किसलय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

- दिनांक ४ सितम्बर २००३ संस्था 'संकल्प' एवं राधाकृष्ण मन्दिर ट्रस्ट की ओर से बुधवार को पद्मविभूषण पंडित किशन महाराज के कबीरचौरा स्थित निवास पर प्रख्यात वायलिन वादक श्री वी०जी० जोग के स्वास्थ्य की मंगलकामना के साथ संस्था द्वय द्वारा क्रमश: ५१००/- एवं १०,०००/- की राशि का चेक प्रदान किया गया। संस्था के संरक्षक अनिल जैन ने पंडित किशन महाराज से

अपील की कि स्वनामधन्य कलाकारों के साथ-साथ नगर के नवोंदित कलाकारों की प्रतिभा को आगे लाने के लिये उनके नेतृत्व में सार्थक प्रयास होने चाहिये। इस अवसर पर रामचन्द्र अग्रवाल, रमेश चन्द्र अग्रवाल, आलोक जैन, सिद्धार्थ जैन, पंकज अग्रवाल, हरेकृष्ण अग्रवाल, सुशान्त श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, राजेश गिनोडिया, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

शनिवार ३० सितम्बर को पार्वतीपुरी कालोनी में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया। प्रख्यात गायिका सुश्री रेवती साकलकर, कु० प्रीत प्रेरणा, रोशन मेहता, पन्नालाल, जय पाण्डेय, राकेश के देवी गीत एवं भजन से श्रोता भावविभोर हो उठे। 'श्रद्धा से माँ को बुलाने वाल

चाहिये', 'या देवी सर्वभूतेषु', 'ॐ नमः शिवाय', 'आ जाना माँ आ जाना' की गूँज मन को रमाये थी। स्वागत अनिल जैन एवं दीपक शापुरी ने किया।

दिनांक १० अक्टूबर २००३ राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा रेलवे इन्टर कालेज मुगलसराय में आयोजित शिविर में संकल्प के संरक्षक अनिल जैन 'परहित सरिस

धरम नहिं दूजा' सूत्र को प्रत्येक घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। कश्मीरी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्हें संस्था की ओर से कैप प्रदान किया गया। कमान्डेन्ट कर्नल वी०के०व्याला और कैप्टन ए०के०सिंह को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। राष्ट्रीय एकता शिविर में संरक्षक श्री अनिल जैन को मानपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

- ३० अक्टूबर २००३। व्यक्ति विकास केन्द्र के प्रणेता (आर्ट आफ लिविंग) सद्गुरु श्री श्री रवि शंकर जी के वाराणसी आगमन पर संकल्प संस्था के सदस्यों ने सारनाथ स्थित टंडन फार्म हाउस में सद्गुरु का माल्यार्पण कर व स्फटिक का

शिवलिंग युक्त रजत का अरघा प्रदान कर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर रमेशचन्द्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, किसलय अग्रवाल, शबनम अग्रवाल, दीपांश अग्रवाल उपस्थित थे।

- ५ मार्च २००४ को काशी सेवा समिति, रामकटोरा के संवासी-निराश्रित बच्चों के साथ संस्था ने होली की खुशियाँ बाँटी गई। इस अवसर पर बच्चों में रंग, पिचकारी, गुलाल, टोपी, मिठाइयाँ, फल आदि का वितरण किया गया। प्रारम्भ में बच्चों के साथ संस्था के सदस्यों ने और विशिष्ट जनों ने एक दूसरे को टीका लगाकर शुभ कामना प्रदान की। उत्सव में मुख्य अतिथि माननीय डा० ए० के० श्रीवास्तव न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, वाराणसी व विशिष्ट अतिथि श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक, भारतीय जीवन बीमा निगम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० रामअवतार पाण्डेय, अध्यक्ष काशी सेवा समिति ने

की। इस अवसर पर हास्य व्यंग्य के कवि बृजेश चन्द्र पाण्डेय ने काव्य पा
किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि होली सामूहिक जीवन जीने का भाव जगाती
यही अवसर है जब हम सभी गिले-शिकवे भूलकर गले मिलते हैं

● ५ मार्च २००४, शुक्रवार को संस्था द्वारा पार्वतीपुरी कालोनी के उद्यान
आयोजित 'होली मिलन समारोह' में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया
जिसमें मुख्य अतिथि मारीशस के उप उच्चायुक्त श्री देवजन लाल सीताहल ए
उनकी पत्नी श्रीमती चन्द्रमणी सीताहल थे। श्री सीताहल ने कहा कि मिनी भार

में भी हम महाभारत की संस्कृति को जिन्दा रखे हुए हैं। आज हम जिस संस्कृति से जुड़े हुए हैं, उसे साक्षात देखने का अवसर काशी में होली पर मिल रहा है, इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है। कवि सम्मेलन में आरम्भ में श्री झग[illegible] ने [illegible] लोकों में कहीं नहीं काशी'' सुनाया, श्री भूषण त्यागी ने राधा-[illegible] की चर्चा करते हुए ''आज का दिवस यादगार होगा राधा-रानी, [illegible] तुझे नचाऊँगा'' संचालन कवि श्री धर्मशील चतुर्वेदी ने 'स्वर्ण मुकुट [illegible] जड़ित कहाँ धरोगे नाथ'' तथा श्री साँड बनारसी ने ''नया-नया भारत बनायें अटल गुरु'' सुनाकर श्रोताओं को काव्य एवं हास्य रस से सराबोर किया। अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से वाहवाही लूटी। इस अवसर पर 'संकल्प' के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं शुभेच्छु उपस्थित थे।

● ८ मार्च २००४ को भेलूपुर स्थित एक होटल में संस्था ने मारीशस के उप उच्चायुक्त श्री देवजन लाल सीताहल को स्फटिक शिवलिंग युक्त रजत अरघा प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन एवं अध्यक्ष श्री दीपक शापुरी ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष सौ विद्यार्थियों को

पाठ्य-पुस्तकें और यूनिफार्म दिया जाता है। संस्था द्वारा अब तक दो हजार लोगों को क्षयमुक्त किया जा चुका है। नये कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ ही विशिष्ट जनों का अभिनन्दन भी संस्था द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री आलोक शापुरी, सुशान्त श्रीवास्तव व अभय श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

● २ अप्रैल २००४ को काशी [illegible] प्रसिद्ध रामक
मन्दाकिनी शोभा यात्रा में चलने वाली ढेरों [illegible] संस्था द्वारा आयो
झाँकिया भी लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनीं।

● ४ अप्रैल २००४ को संस्था द्वारा कन्हैया अलंकार मन्दिर, बुलानाला
भगवान महावीर की शोभायात्रा का स्वागत किया गया। संस्था के संरक्षक

अनिल कुमार जैन ने भगवान महावीर की आरती उतारी एवं पुष्प अर्पित कि
इस अवसर पर संकल्प के कई सदस्य उपस्थित थे।

९ अप्रैल २००४ को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आर० के० मित्तल का अनिल कुमार जैन, दीपक शापुरी, आलोक

शापुरी ने संकल्प की पुस्तक, शिवलिंग युक्त अरघा भेंट कर सम्मान किया। इस समारोह में काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो० सुरेन्द्र सिंह, डा० एन० पी० सिंह, दीपक अग्रवाल आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन विवेक अग्रवाल ने किया।

२३ सितम्बर २००४ को इस्कान व संकल्प संस्था के संयुक्त तत्वाधान में भजन सन्ध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तबला वादक अशोक पाण्डेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास

● २ अप्रैल २००४ को काशी नगरी में निकलने वाली प्रसिद्ध रामक
मन्दाकिनी शोभा यात्रा में चलने वाली ढेरों झाकियों में संकल्प संस्था द्वारा आयोजित प्रमु
झाँकिया भी लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनीं।

● ४ अप्रैल २००४ को संस्था द्वारा कन्हैया अलंकार मन्दिर, बुलानाला
भगवान महावीर की शोभायात्रा का स्वागत किया गया। संस्था के संरक्षक

अनिल कुमार जैन ने भगवान महावीर की आरती उतारी एवं पुष्प अर्पित कि
इस अवसर पर संकल्प के कई सदस्य उपस्थित थे।

९ अप्रैल २००४ को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आर० के० मित्तल का अनिल कुमार जैन, दीपक शापुरी, आलोक

शापुरी ने संकल्प की पुस्तक, शिवलिंग युक्त अरघा भेंट कर सम्मान किया। इस समारोह में काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो० सुरेन्द्र सिंह, डा० एन० पी० सिंह, दीपक अग्रवाल आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन विवेक अग्रवाल ने किया।

२३ सितम्बर २००४ को इस्कान व संकल्प संस्था के संयुक्त तत्वाधान में भजन सन्ध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तबला वादक अशोक पाण्डेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास

अधिकारी मुहम्मद शरीफ अहमद खाँ थे। कार्यक्रम में अनिल कुमार जैन, आल शापुरी, रमेशचन्द्र अग्रवाल तथा इस्कान परिवार के ... बिन्दु ..., शरद कि दास, कृष्णदास तथा अध्यक्ष प्रसन्नात्मादास, शेषाद्रि ... आदि उपस्थित थे।

● २५ सितम्बर को 'आर्ट आफ लिविंग' के ... गुरु रविशंकर अनुयायियों ने टाउनहाल में आयोजित महासत्संग समारोह में समाजसेवा के लिए श्री अनिल कुमार जैन को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कि

● सामाजिक संस्था संकल्प की ओर से २६ सितम्बर को माँ विन्ध्यवासि के धाम विन्ध्याचल में श्रृंगार एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आपदा से समाज को संकटों से निजात दिलाने के लिए यह निर्णय लिया गया। श्री अनिल जैन ने बताया कि भगवान इन्द्र की अनुकम्पा के लिये माँ के बराबर में जाकर श्रृंगार व पूजन किया गया है। इस अवसर पर माँ विन्ध्यवासिनी के पवित्र दरबार में भजन कलाकार उत्तम राय, रौशनलाल एवं सहयोगियों ने माँ के चरणों में भजनों की भेंट चढ़ायी। उपस्थित जनसमूह भजनों पर काफी देर झूमता रहा। इस पूजा में संकल्प के संरक्षक अनिल जैन, दीपक शापुरी, डा०अश्विनी जैन, सिद्धार्थ जैन, रमेश चन्द्र अग्रवाल, कृष्ण मोहन गुप्त, लव अग्रवाल, डा० सतीश चन्द्र अग्रवाल, डा० विनय पाठक आदि उपस्थित थे।

- हिन्दी पखवारा के अर्न्तगत बुधवार ३० सितम्बर २००४ को संकल्प एवं आकाशवाणी के संयुक्त तत्वाधान में पराड़कर स्मृति भवन में काव्य गोष्ठी का

आयोजन किया गया। गोष्ठी में चन्दल हितैषी, ओमप्रकाश चौबे, शिवशंकर सिंह 'मानव', शिवमूर्ति सिंह, डा० रामअवतार पाण्डेय, सविता सिंह, हरिहर लाल श्रीवास्तव, रामदास अकेला, मेयार सनेही आदि ने काव्य पाठ किया। अध्यक्षता चन्द्रशेखर मिश्र ने, संचालन हरीश जी एवं स्वागत अनिल जैन ने किया।

● २ अक्टूबर २००४ गाँधी जयन्ती। चन्द्रावती गाँव चौबेपुर में बिजली उपकरणों का व्यवसाय करने वाले श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा संचालित पाठशाला २८ बच्चों को पुस्तकें दी गईं। श्री राजेन्द्र सिंह इस पाठशाला के अकेले शिक्षक

जो गांव के बच्चों को शिक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में अ जैन, सिद्धार्थ जैन, सुशान्त श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, शंकर आदि उपस्थित

● २७ अक्टूबर २००४ संकल्प ने बुधवार को आयोजित समारोह आकाशवाणी के उप महानिदेशक श्री आर० डी० राम तथा १४ अन्य निदेशकों का सम्मान किया।

एड्स दिवस पर संकल्प द्वारा क्षय रोग के मरीजों में
एड्स की जाँच हेतु रक्त परीक्षण

अग्रसेन जयन्ती पर शोभायात्रा का स्वागत कर
श्री अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण करते संस्था के पदाधिकारी

सांसद अखिलेश सिंह यादव को संकल्प के बारे में जानकारी देते
संस्था के संरक्षक अनिल जैन

सांसद अमर सिंह जी का अभिनन्दन करते अनिल जैन

परमपूज्य माँ अमृतानंदमयी का अभिनन्दन करते हुए
अनिल जैन व रमेश चन्द्र अग्रवाल

कुँवर डा० अनन्त नारायण सिंह को
संस्था के क्रिया-कलाप की जानकारी देते संरक्षक अनिल जैन

मुख्य सचिव (उ० प्र०) श्री वी० के० मित्तल को सम्मानित करते अनिल जैन

आयुक्त वाराणसी मण्डल श्री देवशरन यादव को संकल्प के बारे में जानकारी देते संरक्षक एवं अध्यक्ष

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था इस्कान के कार्यक्रम 'फूड फार लाइफ' में संकल्प के सहयोग से बच्चों को भोजन कराने का दृश्य

आई.एम.ए. वाराणसी द्वारा अनिल जैन को डाक्टरर्स डे पर सम्मानित करती अध्यक्ष डा० विभा मिश्रा

रोटरी क्लब की ओर से संकल्प के संरक्षक अनिल जैन को सम्मानित कर
रोटरी के गवर्नर श्री हरिमोहन शाह व अध्यक्ष रविशंकर सिंह

गाँधी जयंती पर मदर टेरेसा होम में निराश्रितों के बीच
खाद्य सामग्री वितरित करते संकल्प के पदाधिकारी

संकल्प की पुस्तिका का अवलोकन करती हुई प्रसिद्ध गजल गायिका पिनाज मसानी

पोलैण्ड के राजदूत का सम्मान करते हुए अनिल जैन

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानन्द समाजसेवा में उल्लेखनीय काम के लिए लायन्स क्लब की ओर से अनिल जैन का सम्मान करते हुए

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय मेमोरियल संस्था के सारनाथ स्थित म्यूजिम के शुभारम्भ के अवसर पर गुरुमाता का अभिनन्दन करते अनिल जैन

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्री शंकर सिंह बघेला को संकल्प की जानकारी देते संस्था के संरक्षक अनिल जैन व गणेश कुमार गुप्ता

सहारा श्री का सम्मान करते हुए संकल्प के रमेश चन्द्र अग्रवाल, हर्षित जैन, अनिल जैन

सांसद अभिनेता राजबब्बर को संकल्प की जानकारी देते
संकल्प के पदाधिकारी

संकटमोचन के महन्त श्री बीरभद्र मिश्र जी को सम्मानित करते
संकल्प के संरक्षक अनिल जैन

सांसद जयाप्रदा का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान कर
संस्था के बारे में जानकारी देते संकल्प के पदाधिकारी

जयाबच्चन को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते
अनिल जैन व श्रीमती आभा गुप्ता

विश्वशान्ति की कामना से दुर्गा कुण्ड स्थित दुर्गा मन्दिर में संकल्प द्वारा माँ के दिव्य श्रृंगार का दृश्य एवं संस्था द्वारा आयोजित भजन संध्या में भजन प्रस्तुत करती डा० रेवती साकलकर

लक्सा, वाराणसी स्थित रामकुण्ड पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संकल्प द्वारा कराई गई भव्य आरती एवं घाट पर दीपों से की गई भव्य सजावट

तिब्बती धर्मगुरु करमापा जी का अभिनन्दन करते संकल्प के पदाधिकारी अनिल जैन, रमेश चन्द्र अग्रवाल व पंकज अग्रवाल

केन्द्रीय तिब्बती संस्थान, सारनाथ में आयोजित संकल्प के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विद्यार्थियों का परीक्षण करते डा० अश्विनी जैन इनसेट में परीक्षण हेतु पंजीकरण कराते छात्र-छात्राएँ

महाबोधि सोसायटी आफ इण्डिया के अध्यक्ष प्रमुख उद्योगपति
डा० बी० के० मोदी को सम्मानित करते संकल्प के पदाधिकारी

माँ शारदा भवन पिशाचमोचन स्थित अपाला कन्या वनवासी छात्रावास
की छात्राओं हेतु यूनिफार्म देते संस्था के संरक्षक अनिल जैन

वाराणसी प्रेस क्लब एवं संकल्प के संयुक्त तत्वावधान में पराड़कर भवन में आयोजित कार्टून कार्यशाला में कार्टून बनाते प्रतिभागी कलाकार

संकल्प एवं कृति संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शीतकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ करते अनिल जैन एवं डा० विनय पाठक

कार्टून कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए
वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष राघवेन्द्र चड्ढा

मनोरंजन कांजिलाल स्मृति कार्टून कार्यशाला के पुरस्कार वितरण समारोह
आयोजित प्रदर्शिनी का दृश्य एवं काटूनिष्ट श्री विनयकुल को सम्मानित
विधायक श्यामदेव राय चौधरी

प्रख्यात संगीतकार को सम्मानित करते अनिल जैन एवं बटुक भैरव मन्दिर के व्यवस्थापक श्री भास्करपुरी एवं राकेश पुरी

वाराणसी के जिलाधिकारी श्री धर्मसिंह यादव को संस्था के बारे में जानकारी देते अनिल जैन

कार्टून कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए
वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष राघवेन्द्र चड्ढा

मनोरंजन कांजिलाल स्मृति कार्टून कार्यशाला के पुरस्कार वितरण समारोह
आयोजित प्रदर्शिनी का दृश्य एवं कार्टूनिष्ट श्री विनयकुल को सम्मानित
विधायक श्यामदेव राय चौधरी

प्रख्यात संगीतकार को सम्मानित करते अनिल जैन एवं बटुक भैरव मन्दिर के व्यवस्थापक श्री भास्करपुरी एवं राकेश पुरी

वाराणसी के जिलाधिकारी श्री धर्मसिंह यादव को संस्था के बारे में जानकारी देते अनिल जैन

स्वामी हरगोविन्द जी के उद्‌गार

बीते वर्ष काशी में सम्पन्न हुई श्रीकृष्ण गौरांग लीला के संयोजक वृन्द अवस्थित स्वामी हरगोविन्द जी की काशीवास की अनुभूतियाँ सुखद इलेक्ट्रानिक धार्मिक चैनलों के प्रसारणों में मर्यादा क्षरण से आहत स्वामी जी गौरांग लीला में काशी में सम्पन्न हुए कार्यक्रम को आयोजन व प्रबन्धन नजरियों से सुखद व उत्साहवर्द्धक बताया।

स्वामी हरगोविन्द जी का इस बारे में स्पष्ट मत है कि धर्म सम्बन्धी कि आयोजन में, उसके प्रचार-प्रसार में धर्म की मर्यादा एवं स्थापना का उल्लंघन को आघात देने वाला होता है। स्वामी जी कहते हैं कि धर्म एवं आस्था के हास्यास्पद या अशोभनीय आचरण नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है धर्म, समाज के हित के लिए है। अहित वाला आचरण कर धर्म को समाजवि बताने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों का प्रसारण क वाले इलेक्ट्रानिक चैनल धर्म सम्बन्धी स्थापित आदर्श मान्यताओं को उपे करते हैं जो शोभनीय नहीं है। स्वामी जी ने काशी में आयोजित २१ दिव श्रीकृष्ण गौरांग लीला में मर्यादा पालन एवं आचरण की शुद्धता के लिए आयोज को साधुवाद दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में होने वाले धा आयोजन के आयोजकों द्वारा वाराणसी में श्रीकृष्ण गौरांग लीला में किये आचरण का अनुसरण करना चाहिए। उल्लेख्य है कि काशी में टाउनहाल मैदान में कृष्ण गौरांग लीला का आयोजन हुआ जो 12 जुलाई 2004 को प्रा होकर 1 अगस्त 2004 को पूर्ण हुआ।

❑

श्री कृष्ण लीला एवं श्री गौरांग लीला

१२ जुलाई २००४ से १ अगस्त २००४ तक

राह चाहे हो भयंकर
विकराल हो वायु का स्तर
बस प्रतिज्ञा है यही हमारी
हम सतत चलते रहेंगे
हम सतत चलते रहेंगे।

नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्था संकल्प ने महिला कला प्रशिक्षण के तीनों शिविरों के उपरान्त भी हम सतत चलते रहेंगे, की प्रतिज्ञा से बद्ध हो दिनांक १२ जुलाई २००४ से १ अगस्त २००४ तक के लिए २१ दिवसीय व्रत ले ही लिया। यह व्रत था श्री कृष्ण एवं श्री गौरांग लीला का आयोजन।

इस लीला के उद्देश्य में संकल्प के संरक्षक श्री अनिल जैन ने स्पष्ट रूप से अपने विचार व्यक्त किये कि भगवान कृष्ण की लीला समूचे भारत को भावात्मक एकता से जोड़ती है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रति बढ़ते आकर्षण को रोकने का एक यही तरीका है कि लोग अपनी संस्कृति को पहचानें। वर्तमान पीढ़ी का अस्थिर चित्त एक विशेष प्रश्न है। उसका समाधान हमें अपनी पुरातन संस्कृति में ही प्राप्त होगा। इसी विचार को व्यावहारिक रूप प्रदान करने की दृष्टि से नगर के मध्य स्थित सार्वजनिक स्थल टाउनहाल के मैदान में बने भव्य पण्डाल में २१ दिवसीय श्री कृष्ण एवं गौरांग लीला का शुभारम्भ हुआ। उक्त लीला का

उद्घाटन १२ जुलाई २००४ को वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक माननी देवराज नागर जी ने किया। इस अवसर पर आई. जी. जोन देवराज नागर जी ने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता के अन्धानुकरण के दौर में ऐसे आयोजन से भारतीय संस्कृति को मजबूती मिलती है। लीलाएँ संस्कृति को समृद्ध करती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्कृति की अच्छी बातों को ग्रहण करना अच्छी बात है किन्तु हमें उस संस्कृति के दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि काशी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार अग्रवाल ने कहा कि वासना से रहित निष्काम प्रेम से बढ़कर कोई धर्म नहीं। गोपाल मन्दिर के

महन्त वैष्णव सम्प्रदाय के षष्ठपीठाधीश्वर गोस्वामी श्याम मनोहर महाराज ने आशीर्वचन देकर दर्शकों को आनन्दित किया। लीलाकार स्वामी हरगोविन्द जी महाराज तथा उनके ३५ लीलाधर्मी सहयोगियों ने भगवान की अद्भुत लीलामय झाँकियाँ प्रस्तुत कीं। श्री हरगोविन्द जी ने विचार व्यक्त किया कि इस लीला और इलेक्ट्रानिक लीला में साफ अन्तर यह है कि इलेक्ट्रानिक लीलाएँ जहाँ सिर्फ मनोरंजन परोस रही हैं वहीं यह लीला हृदयरंजन भाव के साथ संस्कृति, संस्कार और भक्ति परम्परा एवं साथ-साथ स्वस्थ मनोरंजन भी है। उन्होंने कहा कि उनकी लीलाएँ सदैव संस्कारवान सन्तान निर्मित कर देश का भविष्य संवारने का काम कर रही हैं। उनका विचार है कि हमें इस लीला में संस्कृति, संस्कार और भक्ति तीनों एक साथ दिखाई देंगे। यह लीला संस्कार व परम्परा के पोषण का कार्य करेगी। राम और कृष्ण की लीला का मकसद देश की संस्कृति को बचाए रखना है।

श्री हरगोविन्द जी महाराज ने स्पष्ट कहा कि श्री गौरांग लीला व श्रीकृष्ण लीला में अन्तर यह है कि गौरांग लीला का सन्देश है कि दुष्टों को सजा न देकर उनकी दुष्टता को दूर करो। श्री कृष्ण का संदेश है कि दुष्टों का दलन करो। गौरांग प्रभु श्री कृष्ण के ही अवतार हैं मगर उनमें दया, करुणा का भाव अधिक है। वह दुष्टों और अपराधियों का संहार करने के बजाय उन्हें गले लगा लेते हैं। वह अवतारों में पूर्णरूप हैं लेकिन कहीं भी उन्होंने खुद के परमेश्वर होने का दावा नहीं किया है। राम या कृष्ण ने खुद को परमेश्वर बताया लेकिन गौरांग प्रभु ने नहीं। उनकी लीला भक्त की लीला है।

जन्म हुआ कान्हा का, आनन्दित हुए जन-जन। नारायण का अवतरण अकारण नहीं हुआ। प्रभु तो साधुओं के हितार्थ व पापियों के विनाश हेतु अवतरित हुए हैं। संत तुलसीदास जी ने मानस में व्यक्त किया है—जब-जब होंहि धरम की हानी, बाढ़हिं असुर महाअभिमानी। तब-तब धीर प्रभु मनुज सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा। गीताकार भी यदा-यदा ही धर्मस्य... कहकर इसी भाव की पुष्टि करते हैं। नारायण के आगमन के साथ राक्षसों के विनाश का मार्ग प्रशस्त होता है। दुराचारी कंस का वध करके प्रभु ने पृथ्वी का भार हलका कर दिया। पूतनावध और शंकरलीला की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस लीला ने (पूतनावध) यह स्पष्ट कर दिया कि छल से नारायण को प्रभावित करने वाले की मृत्यु ऐसी ही होती है। भगवान शिव की लीला ने लोगों को नारायणत्व और उदारता का जो परिचय दिया वह भी भक्तों को भक्तिमय करने के लिए अत्यन्त मनोहारी था क्योंकि उस लीला में भगवान शिव और कृष्ण के सम्बन्ध की पराकाष्ठा दिखाई गई।

कृष्ण की छठी पर बच्चों ने जिस आनन्द का अनुभव किया उसकी
सीमा न रही। वह आनन्द तो वर्णनातीत है। खिलौने, टॉफियाँ, बिस्कुट, गुड़ि
आदि विभिन्न उपहार प्राप्त कर बच्चे खिलखिला रहे थे। यह दृश्य तो देखते
बनता था। ब्रजवासी कलाकारों ने भगवान कृष्ण की माखन चोरी और मटकी
फोड़ लीला प्रस्तुत कर हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक सौ एक किलो
मक्खन का भोग लगाने पर पंडाल (नटखट कन्हैया की जय) के उद्घोष से गूँ
उठा। श्री कृष्ण के महारास का जिस खूबसूरती से दर्शन कराया गया वह
प्रत्येक रस की अनुभूति कराने वाला था।

उधर गौरांग लीला, वैराग्य लीला, आध्यात्मिक लीला रही जिसमें अवता
प्रयोजन की खूबसूरत लीला का मंचन किया गया। यमलार्जुन उद्धार, काली दह
मर्दन लीला, प्रदूषण से मुक्ति के लिए नागनथैया लीला आदि से दर्शक ऐसे मु
हुए कि जय श्री कृष्ण, जय श्री राधे के उद्घोष करने लगे। पूरा पंडाल उ
उद्घोष से गूँज उठा।

लीला रूपी सांस्कृतिक अनुष्ठान यश में स्वामी हरगोविन्द जी महारा
सम्भवतः भगवान के उस चरित्र को प्रतिस्थापित करते हुए चलना चाहते थे कि
राम से प्रिय राम का दास। भक्तिमती मीरा की लीला एवं भक्त शिरोमणि तुलसी
दास की लीला भी प्रधान थी जो ब्रजवासी बालकों ने खूबसूरती से प्रस्तुत की

श्री कृष्ण गौरांग प्रभु की लीला के दसवें दिन गौरांग प्रभु के भावपरिवर्त
की लीला को दर्शित किया कि गौरांग प्रभु सब कुछ भूलकर श्री कृष्ण कृ

संकीर्तन व कृष्ण तत्त्व की विवेचना करते हुए सभी को समझाते है कि सब कुछ पाने के लिए कृष्ण कृष्ण जपना ही पर्याप्त है। जहाँ कृष्ण नहीं होता वहाँ कुछ भी नहीं होता अर्थात जीव ही कृष्ण है और कृष्ण ही जीव है।

संकल्प के तत्त्वावधान में चल रहे श्री चैतन्य व श्री कृष्ण लीला के १२वें दिन शुक्रवार को सावन के महीने में बाबा विश्वनाथ की नगरी में श्रद्धालुओं ने

बरसाने की होली का आनन्द उठाया। साथ ही इत्र, गुलाबजल की होली ने माहौल को पूरी तरह रंग से सराबोर कर दिया। इस दौरान १२ ड्रम गुलाबजल

और दो कुन्तल गुलाब की पंखुड़िओं का प्रयोग किया गया। प्रत्येक जगह की होली की अपनी विशिष्टताएँ होती है। बरसाने की होली की विशेषता है कि प्रेम छलकता नहीं अपितु प्रेम की वर्षा होती है, प्रेमधारा बहती है।

श्री कृष्ण गौरांग लीला के तेरहवें दिन एक संकीर्तन शोभा यात्रा निका गई, इसमें कृष्ण-बलराम की अद्भुत स्वरूप जोड़ी से उभरते प्रभु नाम संकी से सारा आध्यात्म चेतन नजर आ रहा था और लोग श्रद्धानत होकर पुष्प वर्षा क रहे थे।

कृष्ण और सुदामा की मित्रता की लीला द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि प्र जितना जिसको प्रदान कर देते हैं, यदि वह उतने में ही संतुष्ट है तो प्रभु उसे सम् बना देते हैं।

लीला के सत्रहवें दिन भक्त प्रहलाद के चरित्र का मंचन कर यह सि कर दिया कि पिता की निरंकुशता, निष्ठुरता के कारण भगवान को नृसिंह अवत लेना पड़ा। भक्त के लिए भगवान को किसी भी हद तक जाकर उसकी रक्षा कर पड़ती है। अर्जुन, कृष्ण के भक्त सखा थे जिसके लिए उन्होंने क्या नहीं किया अर्जुन का रथ भगवान कृष्ण ने ही संचालित किया था।

